# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
*NSI*
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

जुलाई 2008 (अंक 181) | July 2008 (Issue 181)




श्री ए. रहमान खान, माननीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत, राज्य सलाहकार समिति तामिलनाडु सरकार, राष्ट्रीय बचत संस्थान चेन्नई केन्द्र द्वारा आयोजित वेतन बचत दिवस के अवसर पर श्री अरिन्दम कुमार, महाप्रबंधक, होटल ताज कोरामण्डल, चेन्नई को वेतन बचत योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये शिल्ड प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे है।(बायें से दायें) श्री रामचन्द्रन, आई.पी.एस., पोस्टमास्टर जनरल (मेल एवं मार्केटिंग), तामिलनाडु सर्किल, श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) एन.एस.आई. और श्री टी. दासरी, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एन.एस.आई. चेन्नई केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश में वेतन बचत दिवस मनाया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, का यह प्रयास रहा है कि समाज के विभिन्न आय वर्गों को उनकी जरूरत के मुताबिक बचत योजनाएँ उपलब्ध कराई जाये। वेतन बचत योजना कार्यरत वेतनभोगी वर्ग के लिए है जो नियमित रूप से प्रतिमाह बचत करते है। बचत की इस पद्धति के अन्तर्गत कर्मचारी अपने नियोक्ता को यह लिखित अधिकार देता है कि वह उसके वेतन से एक नियमित राशि काटकर आवर्ती जमाखाता, लोक भविष्य निधि खाता खोले एवं विनिर्दिष्ट डाकघर से राष्ट्रीय बचत पत्र (आठवाँ निर्गम) खरीदें। इस पद्धति से अपने आप नियमित बचत हो जाती है और कर्मचारी को डाकघर जाकर पैसा जमा नहीं करना पड़ता।

वेतन बचत योजना के महत्त्व पर प्रकाश डालने एवं व्यक्तिगत बचत को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान प्रतिवर्ष 15 जुलाई को वेतन बचत दिवस मनाता है। इस वर्ष भी पूरे देश के क्षेत्रीय केन्द्रों में 15 जुलाई 2008 को वेतन बचत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वेतन बचत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ईकाइयों/कार्यालयों/प्रतिष्ठानों के प्रयासों की सराहना किया। वेतन बचत दिवस समारोह का समाचार दूरदर्शन, आकाशवाणी एवं अन्य प्रिंट मीडिया ने प्रमुखता से प्रचारित किया। एक विशेष विज्ञापन इस दिन की महत्ता को दर्शाते हुए डी.ए.वी.पी. नई दिल्ली द्वारा देश के विभिन्न शहरों के समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय भारत सरकार, श्री डी.के. मोदी, कार्यकारी निदेशक और श्री एस.सी. सिंघल, महाप्रबंधक (वित्त), बी.एच.ई.एल. हरिद्वार (उत्तराखंड) को राष्ट्रीय बचत संस्थान लखनऊ केन्द्र द्वारा हरिद्वार में आयोजित वेतन बचत दिवस के अवसर पर सर्वोत्तम वेतन बचत समूह के लिये ट्राफी प्रदान करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें से दायें) श्री अरविन्द मिश्रा, सहायक निदेशक, एन.एस.आई, उत्तराखंड सरकार, श्री कृष्ण मुरारी, उप निदेशक एन.एस.आई. और श्री ए.के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एन.एस.आई. लखनऊ भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ए.पी.एस. अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ए.पी.एस. सेंटर कामठी (नागपुर) में सेना डाक सेवा के जुनियर कमिशन अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बचत उत्पादों का विपणन और उत्पादों की सूचना की जानकारी देना था जिससे कि सेना डाक सेवा के अधिकारियों के द्वारा पूरे देश में स्थित आर्मी बेस डाकघरों में अधिक से अधिक बचत एकत्रीकरण की जा सके।

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने प्रशिक्षणार्थियों को अपने संबोधन में कहाँ कि ए.पी.एस. के अधिकारी, संसाधनों के एकत्रीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है और राष्ट्रीय बचत उत्पादों और सुरक्षा कर्मियों के बीच मुख्य सूत्रधार है। उन्होंने समस्त अधिकारियों से अपील की कि वे बचत एकत्रीकरण के लिये अधिक प्रयास करें। उन्होंने बचत संग्रहण के उन्नयन हेतु राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा अपनाई जाने वाली नीति और उसकी भूमिका पर पेपर प्रस्तुत किया।

श्री दीपक वर्मा क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) और श्री डी.के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक ने अल्प बचत उत्पादों, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, लोक भविष्य निधि, मासिक आय योजना तथा आवर्ति जमा खाता पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कर्नल जलेश्वर कन्हार, कमांडेंट एवं श्री वेलुस्वामी उप कमांडेंट भी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 23 अधिकारियों ने भाग लिया।




श्री प्रणय शर्मा; आई.पी.एस., निदेशक, विदेश डाक सेवा, नई दिल्ली राष्ट्रीय बचत संस्थान केन्द्र द्वारा 15 जुलाई 2008 को आयोजित वेतन बचत दिवस के अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है। श्री मीर अजमत अली, संयुक्त निदेशक, दिल्ली भी दिखाई दे रहे हैं।




श्रीमती मीनाक्षी सेठ, आई.ओ.एफ.एस., वरिष्ठ प्रधान निदेशक, राष्ट्रीय अकादमी रक्षा उत्पादन, नागपुर, राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा 15 जुलाई 2008 को नागपुर में आयोजित वेतन बचत दिवस के अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुये। (बाये से दाये) श्री डी. के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक, श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय), श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान एवं श्री पद्म सिंह, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एन.एस.आय. नागपुर केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।

## भारत सरकार ने डाकघर आवर्ती जमा योजना में संशोधन किया

केन्द्रीय सरकार ने सरकारी बचत बैंक अधिनियम 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये डाकघर आवर्ती जमा नियम 1981 का संशोधन अधिसूचना सं.जी.एस.आर. 480 (ई) दिनांक 26 जून 2008 के द्वारा किया और ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

डाकघर (आवर्ती जमा) नियम, 1981 के नियम 7 के उप नियम (2) में संशोधन के अंतर्गत निम्नलिखित व्यवस्था है कि किसी बात के होते हुए भी, रक्षा सेवा (सिविलियन रक्षा कर्मचारियों को छोड़कर) के कार्मिकों की दशा में, यदि मासिक निक्षेपों में सात से अनधिक व्यतिक्रम नहीं हैं तो निक्षेपकर्ता अपने विकल्प पर खाते की परिपक्वता अवधि को उतने महीनों तक बढ़ा सकेगा जितनी संख्या में व्यतिक्रम हैं और विस्तारित अवधि के भीतर व्यतिक्रम किस्तों में जमा करा सकेगा। आगे यह भी कहा है कि रक्षा सेवा (सिविलियन रक्षा कर्मचारियों को छोड़कर) के कार्मिकों की दशा में, यदि सात से अधिक व्यतिक्रम हैं तो खाते को अवरुद्ध खाते के रूप में समझा जायेगा। और खाते का पुनर्स्थापन आठवें व्यतिक्रम के मास से दो मास की अवधि के भीतर, इस नियम में यथा उपबंधित ब्याज और व्यतिक्रमित किस्तों के संदाय के अधीन रहते हुये अनुज्ञात किया जाएगा।




डा. एस.सी. लारोइया, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ केन्द्र द्वारा आयोजित वेतन पत्रक बचत दिवस मनाने के अवसर पर जमाव को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है। (बायें से दायें) श्री एम. के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक, रा.ब.सं. चंडीगढ़ और श्री. के. एल. सिंगला, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एन.आई.टी.टी.टी.आर. चंडीगढ़ भी दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल से मई 2008 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मई 2007 तक | | मई 2008 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1488.29 | -5.48 | 1772.79 | 133.71 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 8.20 | 3.38 | 5.46 | 1.74 |
| 3. | असम | 195.51 | -122.51 | 166.87 | 8.07 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 1.82 | -0.29 | 2.08 | 0.18 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 42.35 | -25.59 | 43.56 | -241.57 |
| 6. | बिहार | 827.64 | 1412.57 | 810.82 | 132.76 |
| 7. | झारखंड | 305.47 | -24.03 | 342.21 | 2.49 |
| 8. | चंडीगढ | 54.99 | -40.78 | 71.82 | -9.71 |
| 9. | दमण एवं दीव | 69.06 | -4.16 | 64.00 | 1.26 |
| 10. | दिल्ली | 740.57 | -385.45 | 759.58 | -170.63 |
| 11. | गोवा | 52.89 | 2.11 | 52.28 | 1.14 |
| 12. | गुजरात | 1935.04 | -344.95 | 1990.99 | 32.76 |
| 13. | हरियाणा | 687.34 | -96.30 | 680.17 | -10.58 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 373.43 | 7.94 | 338.82 | 36.58 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 212.65 | -4.53 | 204.25 | 11.00 |
| 16. | कर्नाटक | 802.32 | -264.90 | 813.78 | -31.18 |
| 17. | केरल | 625.91 | -43.38 | 657.85 | -16.25 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.19 | 0.05 | 0.28 | -0.06 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 631.48 | -98.65 | 637.59 | 6.77 |
| 20. | छत्तीसगढ | 208.99 | -32.46 | 222.70 | -5.45 |
| 21. | महाराष्ट्र | 1987.64 | -248.98 | 1981.62 | 99.23 |
| 22. | मणिपुर | 13.40 | -3.62 | 5.06 | -2.79 |
| 23. | मेघालय | 23.68 | -4.48 | 15.61 | 1.96 |
| 24. | मिझोरम | 14.69 | -1.63 | 5.63 | -0.46 |
| 25. | नागालैंड | 6.06 | -0.35 | 2.66 | 0.09 |
| 26. | उडीसा | 402.38 | 11.91 | 376.86 | 39.69 |
| 27. | पांडीचेरी | 15.39 | -7.88 | 14.08 | -4.38 |
| 28. | पंजाब | 1323.14 | -256.22 | 1141.00 | -59.05 |
| 29. | राजस्थान | 1029.22 | -301.56 | 1010.66 | -147.65 |
| 30. | सिक्कीम | 8.92 | -4.61 | 0.20 | -0.20 |
| 31. | तमिलनाडू | 1268.25 | -255.32 | 1224.45 | -206.29 |
| 32. | त्रिपूरा | 29.70 | -0.85 | 36.15 | -3.50 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 2386.85 | -35.08 | 2207.28 | 266.53 |
| 34. | उत्तरांचल | 325.95 | 7.77 | 336.59 | 45.51 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 2518.14 | -17.17 | 2494.25 | 387.04 |
| | कुल | **20617.56** | **-1185.48** | **20490.02** | **298.75** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR